# कार्यालय– जिला कार्यक्रम अधिकारी–आई0सी0डी0एस0 सीतापुर।

पत्रांक C-1220 /जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/2022–23 दिनॉक– 10 अगस्त 2022
समस्त
बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी
जनपद–सीतापुर।

आप अवगत ही है कि स्वतन्त्रता की 75वीं वर्ष गाँठ के अवसर पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम गरिमामय ढंग से मनाया जा रहा है। उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–3031/58–1–2022 दिनॉक–25 जुलाई 2022 के कम में निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0–457 दिनॉक–29 जुलाई 2022 के द्वारा दिनॉक–11 से 17 अगस्त 2022 तक 'स्वतन्त्रता सप्ताह' एवं दिनॉक–13 से 15 अगस्त 2022 तक "हर घर तिरंगा कार्यक्रम" आयोजित किये जाने हेतु के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना तथा स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव जगाना है।

उक्त कार्यक्रम के सफल कियान्वयन हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्गत पत्र सं0–सी–646 दिनॉक–22 जून 2022, पत्र सं0–सी–1032दिनॉक–20.07.2022,पत्रसं0–सी–1060 दिनॉक–22.07. 2022, पत्र स0–सी–1124 दिनॉक–30.07.2022,पत्र सं0–सी–1132 दिनॉक–30.07.2022, पत्र सं0–सी–1157 दिनॉक–02.08.2022,पत्र सं0–सी–1210 दिनॉक–08.08.2022, के द्वारा आप सभी को निर्देशित किया चुका है। कि अपनी परियोजना के अन्तर्गत कार्यरत समस्त ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को अपने स्तर से निर्देशित करें कि दिनॉक–11 से 17 अगस्त 2022 तक 'स्वतन्त्रता सप्ताह' एवं दिनॉक–13 से 15 अगस्त 2022 तक "हर घर तिरंगा कार्यक्रम" आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाये। जिसके लिए ऑगनबाड़ी केन्द्र एवं कार्यकत्री व सहायिका के घर हेतु आज दिनॉक–10.08.2022 की सायं तक झण्डा अवश्यक खरीद लिया जाये, जिसका भुगतान विभाग द्वारा बजट उपलब्ध होने पर कर दिया जायेगा। दिनॉक–13 से 15 अगस्त 2022 तक की सभी ऑगनबाड़ी केन्द्र की ध्वजारोहण की फोटो भी ग्रुप में शेयर करना सुनिश्चित करें।

(मनोज कुमार राव)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
सीतापुर।

पृष्ठांकन सं0 /तददिनॉक।
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1– निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
2– जिलाधिकारी, महोदय, सीतापुर।
3– मुख्य विकास अधिकारी, महोदय सीतापुर।
4– श्री संजय कुमार द्विवेदी, बाल विकास परियोजना अधिकारी रामपुर मथुरा को इस निर्देश के साथ कि अपने स्तर से सभी सी0डी0पी0ओ0/प्रभारियों से सम्पर्क कर उक्त कार्यक्रम हेतु ऑगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिकाओं द्वारा झण्डा खरीदने की सूचना सायं 4.30 बजे तक अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराये।
5– कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
सीतापुर।